## संपादकीय

# सेहत की किसे चिंता?

यह घटना बताती है कि ऐसे दावों के बावजूद कई बार लापरवाही होती है, जिसके चलते संक्रमित खून बैंकों में ले लिया जाता है और फिर मरीजों में भी पहुंच जाता है। इसलिए कानपुर की घटना को बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

कानपुर में 14 बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाने की घटना के पीछे इन दो में से कोई एक कारण ही हो सकता है: पहली वजह तो यह हो सकती है कि स्वास्थ्य व्यवस्था इतने दबाव में है कि वह खून चढ़ाने जैसे मामलों में तय मानदंडों का सख्ती से पालन करने की स्थिति में नहीं है। या फिर दूसरी वजह यह हो सकती है कि सरकारी अस्पतालों में आने वाले (आम तौर पर गरीब) मरीजों की चिंता शासन की प्राथमिकता में घटती चली गई है, इसलिए ऐसी घटनाओं को गंभीरता से नहीं लिया जाता। वरना, यह कैसे संभव है कि संक्रमित खून ब्लड बैंक में रखा जाए और बच्चों को चढ़ाने के पहले रक्त की गुणवत्ता का परीक्षण ना हो? कानपुर में गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज से जुड़े लाला लाजपत राय बाल चिकित्सालय में 14 बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाने का मामला पिछले दिनों सामने आया। उसके बाद से यह चिंता लगातार जताई गई है कि स्थिति कहीं ज्यादा भयावह हो सकती है। घटनाक्रम गौरतलब है। बच्चों में संक्रमण की जानकारी बाल रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार आर्य ने दी।

उन्होंने दावा किया था कि 14 बच्चों के शरीर में संक्रमित खून चढ़ाए जाने की वजह से उनमें हेपेटाइटिस बी और हेपेटाइटिस सी के साथ-साथ एचआईवी पॉजिटिव के लक्षण पाए गए हैं। इस बात की जानकारी तब मिली जब थैलेसीमिया विभाग ने 180 मरीजों की स्क्रीनिंग की थी और इसमें 14 मरीजों की रिपोर्ट पॉजीटिव आई। इन बच्चों को अलग-अलग प्राइवेट अस्पतालों में खून चढ़ाया गया था। खून दिए जाने से पहले कहीं भी उनका टेस्ट नहीं किया गया। स्पष्टत: यह पूरा मामला ब्लड डोनेशन और फिर मरीजों को खून चढ़ाने की प्रक्रिया में मौजूद खामियों को दर्शाता है। दावा किया जाता है कि ब्लड बैंकों में खूनदाता की पूरी जांच के बाद ही उसका रक्त लिया जाता है। मगर यह घटना बताती है कि ऐसे दावों के बावजूद कई बार लापरवाही होती है, जिसके चलते संक्रमित खून बैंकों में ले लिया जाता है और फिर मरीजों में भी पहुंच जाता है। इसलिए कानपुर की घटना को बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

# महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी : भारत ने रोमांचक मुकाबले में चीन को 2-1 से हराया



**रांची।** दीपिका और सलीमा टेटे के एक-एक गोल की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 के अपने तीसरे मैच में 2-1 से रोमांचक जीत दर्ज की।

दीपिका ने 15वें मिनट में गोल किया, जबकि सलीमा टेटे ने 26वें मिनट में भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। चीन का एकमात्र गोल जियाकी झोंग ने 41वें मिनट में किया।

भारत ने शुरुआती क्वार्टर में चीन पर अपना दबदबा कायम करते हुए तेजी से पासिंग टेम्पो स्थापित किया। उन्होंने कब्जे में शेर की हिस्सेदारी का आदेश दिया, लगातार सर्कल प्रविष्टियां कीं और चीन की रक्षा को कठोर परीक्षणों की एक श्रृंखला के अधीन किया।

भारतीय टीम की आक्रामक ताकत पूरे प्रदर्शन पर थी क्योंकि वे पहले क्वार्टर के अंतिम क्षणों में पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने में सफल रहे। हालांकि, वे इसका फायदा नहीं उठा सके।

इसके तुरंत बाद वे आगे बढ़े, जब घरेलू टीम ने पेनल्टी स्ट्रोक अर्जित किया, जिसे दीपिका ने निचले कोने में एक सटीक शॉट के साथ कुशलतापूर्वक परिवर्तित कर दिया, जिससे भारत को 1-0 की अच्छी बढ़त मिल गई।

चीन ने दूसरे क्वार्टर की आक्रामक शुरुआत की और स्कोर बराबर करने के काफी करीब पहुंच गया। हालांकि, भारतीय कप्तान सविता ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए एक उल्लेखनीय बचाव किया और भारत की बढ़त बरकरार रखी।

इसके साथ ही, भारत ने चीन पर दबाव बनाए रखने के लिए अपने आक्रामक हमले को तेज कर दिया, एक रणनीति जिसका फायदा तब मिला, जब सलीमा टेटे (26) ने बिना किसी सुरक्षा के सर्कल के किनारे से एक अच्छी तरह से और जोरदार शॉट लगाया, जिससे भारत का दूसरा गोल हो गया।

दूसरे क्वार्टर के अंतिम क्षणों में, चीन ने पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया, लेकिन भारत की दृढ़ रक्षा मजबूत रही, जिससे उन्होंने 2-0 की बढ़त के साथ हाफटाइम में प्रवेश सुनिश्चित किया।

तीसरे क्वार्टर की शुरुआत भारत ने अपने आक्रामक प्रयासों को फिर से शुरू करते हुए की, शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, जिसे चीन की रक्षा ने सफलतापूर्वक विफल कर दिया, जिससे मेजबान टीम को अपनी बढ़त बढ़ाने का मौका नहीं मिला।

भारत ने चीन को रक्षात्मक स्थिति में रखते हुए अपना अनवरत आक्रमण जारी रखा। इस बीच, चीन ने कब्जे और जवाबी हमलों को प्राथमिकता देकर अपनी रणनीति को समायोजित किया, एक रणनीति जिसका फायदा तब मिला जब जियाकी झोंग (41) ने पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाया, अंतर को कम किया और उनकी उम्मीदों को फिर से जगाया।

हालांकि, अंतिम क्वार्टर में कोई और गोल नहीं हुआ क्योंकि अंत में स्कोर 2-1 से भारत के पक्ष में रहा।

# लियोनेल मेसी ने 8वीं बार बेलोन डीओर जीतकर रचा इतिहास




**पेरिस ।** फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी लियोनल मेसी ने 8वीं बार बेलोन डीओर का खिताब अपने नाम किया है। जबकि स्पेन की एताना बोनमती ने महिला पुरस्कार जीता।

रिपोर्ट के अनुसार, अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर ने पिछले साल कतर विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए पुरस्कार जीता, जब उन्होंने सात गोल के साथ अर्जेंटीना को ट्रॉफी दिलाई थी और उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था।

मेसी ने एर्लिंग हालैंड और किलियन एम्बाप्पे जैसे स्टार खिलाडिय़ों को पछाडक़र ये खिताब अपने नाम किया।

मेसी ने 2009, 2010, 2011, 2012, 2015, 2019, 2021 और अब 2023 में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्तिगत फुटबॉल पुरस्कार जीता है।

मेसी ने कहा, हमने जो हासिल किया उसके लिए यह पूरी अर्जेंटीना टीम के लिए एक उपहार है। विश्व चैंपियन बनना वह खिताब था जिसे हम खो रहे थे। मैं उन सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने अर्जेंटीना को विश्व चैंपियन टीम बनाने में मदद की।

एताना बोनमतीने अगस्त में स्पेन का पहला महिला विश्व कप खिताब जीतने के लिए ऑस्ट्रेलिया की सैम केर और हमवतन सलमा पारलुएलो को पीछे छोड़ते हुए महिला बैलन डीओर जीता।

अन्य पुरस्कारों में इंग्लैंड के जूड बेलिंगहैम को सर्वश्रेष्ठ अंडर-21 खिलाड़ी नामित किया गया, जबकि हालैंड ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर का पुरस्कार जीता।

मेसी की राष्ट्रीय टीम के साथी एमिलियानो मार्टिनेज ने सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का लेव यशिन पुरस्कार जीता।

# मुकेश अंबानी को 4 दिन में तीसरी बार मिली जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली ।** देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को तीसरी बार फिर धमकी मिली है। इस बार धमकी देने वाले 400 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी है। फिरौती न देने की सूरत में जान में मारने की धमकी दी है। सोमवार को भेजे गए इस ईमेल में कहा गया है कि अगर पुलिस मुझे नहीं खोज पाई तो वह मुझे गिरफ्तार नहीं कर सकती। ये ईमेल भी उसी एड्रेस से आया है, जिससे पिछले दो ईमेल आए थे। पहली ईमेल में अंबानी से 20 करोड़ रुपये की डिमांड की गई थी। दूसरी ईमेल में इसे 10 गुना बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये कर दिया गया था। अब तीसरी मेल में इसे 400 करोड़ रुपये कर दिया गया है। धमकी देने वाले ने ईमेल में लिखा है, 'आपकी सुरक्षा कितनी भी अच्छी क्यों न हो, हम फिर भी आपको मार सकते हैं। इस बार यह कीमत 400 करोड़ रुपये है और पुलिस मुझे ट्रैक और गिरफ्तार नहीं कर सकती।' मुंबई पुलिस अब तक पुराने दो ईमेल का इंटरनेट प्रोटोकॉल एड्रेस खोजने में लगी है।

# आइडिया एक्सीलेंस अवॉर्ड समारोह में कर्मचारियों की मेहनत को दिया गया सम्मान

**गुरूग्राम ।** कर्मचारियों की मेहनत को सराहना व उनका उत्साहवर्धन करने के उद्देश्य से पीएनजीआई व आइडिया इंडिया के संयुक्त सहयोग से गुरूग्राम के आईआईएलम विश्वविद्यालय में आइडिया एक्सीलेंस अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया गया।

काय्रक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पीएनबी मैट लाइफ के एमडी आशीष श्रीवास्तव, एएसडीसी के सीईओ अरिंधम लहरी एवं विशिष्ट अतिथि उप कुलपति आईआईएलएम विश्वविद्यालय प्रो. सुजाता साही, हीरो मोटोकॉप के एवीपी व प्लांट हैड विकास माटा ने शिरकत की।

इस मौके पर कार्यक्रम में आर्गेनाईजेशन कमेटी में हीरो मोटोकॉप के सीनियर जीएम हरियाणा व पीएनजीआई चेयरमैन रत्न अग्रवाल, कैपारो मारूति लिमिटेड के सीईओ व पीएनजीआई जनरल सैक्रेटरी विनोद बापना, आईडिया इंडिया फाऊंडर केके सिंह, सैंडैन विकास प्राईवेट लिमिटेड के हरियाणा जीएम व पीएनजीआई हरियाणा के सीनियर सैक्रेटरी रणधीर सिंह, मैनेजर कंसलटिंग व पीएनजीआई गुरूग्राम की वीपी रमिता सांगवान तथा हीरो मोटोकॉप कार्पोरेशन के सीएसआर व ई-न्यूज लैटर पीएनजीआई के सीनियर एडिटर कमल जीत रहे।

कार्यक्रम के बारे में पीएनजीआई के महासचिव एवं कैपेरो मारुती इंडिया के सीईओ विनोद बापना ने बताया कि कर्मचारी किसी भी संस्थान की रीढ़ होते है, क्योंकि कर्मचारियों की अथक मेहनत एवं लग्नशीलता के चलते कोई भी संस्थान सफलता की बुलंदियों को छूता है। लेकिन कई बार संस्थान अपने ही कर्मचारियों की मेहनत को भुलाकर उनके त्याग एवं संमर्णण को नजरअंदाज करता है, जो कि कर्मचारी व संस्थान हित में नहीं है। इसीलिए पीएनजीआई व आईडिया इंडिया के संयुक्त सहयोग से पीएनजीआई व आईडिया इंडिया के संयुक्त सहयोग से आयोजित आईडिया एक्सीलेंस अवॉर्ड समारोह के माध्यम से कर्मचारियों की मेहनत को सम्मान देने का प्रयास किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस दौरान कर्मचारियों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया है, ताकि वे भविष्य में ओर भी अधिक मेहनत से कार्य करें।मीडिया कोर्डिनेटर जतिन ने बताया कि इस कार्यक्रम में 22 कम्पनियो के 60 प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

# एप्पल ने लॉच किया एम-3 चिप्स के साथ 'मैकबुक प्रो' और 'आईमैक' लैपटॉप



**क्यूपर्टिनो ।** एप्पल ने अपना नया मैकबुक प्रो और 'आईमैक लैपटॉप नए एम3 चिपसेट के साथ बाजार में उतारा है। एम3 प्रो और एम3 मैक्स 14 और 16 इंच के मॉडल अब एक नए स्पेस ब्लैक फिनिश में उपलब्ध हैं। कंपनी ने इसके साथ एम3, एम3 प्रो, एम3 मैक्स प्रोसेसर को भी लॉन्च किया।

मैकबुक प्रो मॉडल में 20 प्रतिशत उज्जवल एसडीआर सामग्री के साथ एक शानदार लिक्विड रेटिना एक्सडीआर डिस्प्ले, 1080पी कैमरा, एक इमर्सिव छह-स्पीकर साउंड सिस्टम और कनेक्टिविटी विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला है। कंपनी ने एक बयान में कहा, ग्राहक नए मैकबुक प्रो को ऑर्डर कर सकते हैं और डिवाइस 7 नवंबर से एप्पल स्टोर और अधिकृत पुनर्विक्रेताओं के पास पहुंच जाएगा। एम3 के साथ 14 इंच मैकबुक प्रो की कीमत 169,900 रुपये से शुरू होती है और एडुकेशन के लिए 158,900 रुपये है।

एम3 प्रो के साथ 14 इंच मैकबुक प्रो की कीमत 199,900 रुपये और एडुकेशन के लिए 184,900 रुपये है और 16 इंच मैकबुक प्रो की कीमत 249,900 रुपये और शिक्षा के लिए 229,900 रुपये है। एप्पल के हार्डवेयर इंजीनियरिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जॉन टर्नस ने कहा, 'मैकबुक प्रो' 22 घंटे की बैटरी लाइफ, एक शानदार लिक्विड रेटिना एक्सडीआर डिस्प्ले और उन्नत कनेक्टिविटी के साथ उपयोगकर्ताओं को सक्षम बनाता है। एम3 के साथ नया 14 इंच मैकबुक प्रो न केवल रोजमर्रा के कार्यों के लिए बढिय़ा है, बल्कि प्रो ऐप्स और गेम में भी अभूतपूर्व निरंतर प्रदर्शन प्रदान करता है।

एम3 मैक्स के साथ 14 और 16 इंच 'मैकबुक प्रो' बेहतर प्रदर्शन और क्षमताएं प्रदान करता है जो कंप्यूटिंग की सीमाओं को आगे बढ़ाता है। कंपनी के मुताबिक, नया मैकबुक प्रो किसी भी यूजर के लिए एक बड़ा अपग्रेड है, खासकर उनके लिए जिन्होंने इंटेल-आधारित मैक से अपग्रेड नहीं किया है।

# टाटा मोटर्स ने जीता सिंगुर-नैनो प्रोजेक्ट केस, बंगाल सरकार को देने होंगे 766 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली ।** टाटा मोटर्स ने सिंगुर-नैनो प्रोजेक्ट केस जीत लिया है। तीन सदस्यीय मध्यस्थता न्यायाधिकरण से आज कंपनी के पक्ष में सर्वसम्मति से फैसला आया। मध्यस्थता पैनल ने कहा कि टाटा मोटर्स पश्चिम बंगाल से 766 करोड़ रुपए वसूलने का हकदार है। पैनल ने कहा कि बंगाल सरकार को सिंगूर में अपनी नैनो फैक्ट्री को बंद करने के लिए टाटा मोटर्स को सितंबर 2016 से 11 प्रतिशत ब्याज के साथ 765.78 करोड़ रुपये की बड़ी राशि का भुगतान करना होगा।

बता दें कि सिंगूर में टाटा मोटर्स के नैनो प्लांट को ममता बनर्जी से पहले की वामपंथी सरकार ने अनुमति दी थी। इसके तहत बंगाल की जमीन पर 'नैनो' कार के उत्पादन के लिए कारखाना स्थापित किया जाना था। तब ममता बनर्जी विपक्ष में थीं और वामपंथी सरकार की नीतियों के खिलाफ थीं। इस मुद्दे ने ममता बनर्जी को सत्ता में आने में मदद की थी। ममता बनर्जी ने सत्ता में आते ही कानून बनाकर सिंगूर की करीब 1000 एकड़ जमीन उन 13 हजार किसानों को लौटाने का फैसला किया, जिनसे अधिग्रहण किया गया था।

इस फैसले की जानकारी देते हुए टाटा मोटर्स ने कहा- तीन सदस्यीय पंचाट न्यायाधिकरण ने टाटा मोटर्स लिमिटेड (टीएमएल) के पक्ष में फैसला सुनाया है। टीएमएल अब प्रतिवादी पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास निगम (डब्ल्यूबीआईडीसी) से 11त्न प्रति वर्ष की दर से ब्याज के साथ 765.78 करोड़ रुपये की राशि वसूलने की हकदार है। बता दें कि डब्ल्यूबीआईडीसी पश्चिम बंगाल सरकार के अधीन है।

# अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर की द लेडी किलर का ट्रेलर जारी



अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर की द लेडी किलर की घोषणा हुए लंबा वक्त हो गया था। फिल्म के ठंडे बस्ते में जाने की भी खबरें थीं।अब निर्माताओं ने सीधा फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है, वो भी रिलीज के महज 5 दिन पहले। इस क्राइम थ्रिलर फिल्म में भूमि और अर्जुन चूहे-बिल्ली का खेल खेलते नजर आ रहे हैं। दोनों पहली बार बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगे।

फिल्म की कहानी उत्तराखंड की पृष्ठभूमि पर आधारित है। ट्रेलर में बर्फ से ढके पहाड़ों के साथ प्यार, बेवफाई और अपराध की कहानी दिखाई दी।ट्रेलर में अर्जुन और भूमि के किरदारों के बीच एक अवैध संबंध दिखाया गया है, जिसके बाद कहानी में पुलिस की एंट्री होती है। कहानी एक कत्ल और उसकी गुत्थी सुलझाने पर आधारित है।फिल्म का निर्देशन अजय बह्ल ने किया है। वह धारा 375 और बीए पास जैसी फिल्में बना चुके हैं।

फिल्म का निर्माण टी-सीरीज ने किया है। कुछ समय पहले खबर आई थी कि बजट की कमी के कारण फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई है।भूषण कुमार ने फिल्म के लिए एक निश्चित बजट तय किया था, लेकिन अजय का खर्च काफी बढ़ गया था। हालांकि, उन्होंने फिल्म पर पूर्ण विराम नहीं लगने दिया और फिल्म की शूटिंग पूरी की।सिनेमाघरों के बाद फिल्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। टीवी पर यह सोनी मैक्स पर दिखाई जाएगी।

# लाल सलाम पोंगल 2024 पर भव्य नाटकीय रिलीज के लिए है तैयार




सुपरस्टार रजनीकांत अपनी बेटी ऐश्वर्या रजनीकांत द्वारा निर्देशित लाल सलाम में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ऐश्वर्या ने इससे पहले धनुष को फिल्म 3 में निर्देशित किया था। लाल सलाम में विष्णु विशाल और विक्रांत मुख्य भूमिका में हैं, पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान कपिल देव भी इस परियोजना का हिस्सा हैं।

एक रोमांचक घटनाक्रम में, निर्माताओं ने घोषणा की है कि फिल्म 2024 में पोंगल त्योहार के दौरान सिनेमाघरों में रिलीज होगी, और उन्होंने इस अवसर को चिह्नित करने के लिए रजनीकांत और विष्णु विशाल की विशेषता वाला एक पोस्टर जारी किया है।

# पॉल्यूशन के कारण आंखों में हो होती है जलन और खुजली

अक्टूबर के महीने में हवा की गुणवत्ता तेजी से खराब होने लगती है जिससे प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है. बढ़ते प्रदूषण से सांस संबंधी तकलीफें और आंखों में जलन जैसी दिक्कतें होने लगती हैं. ज्यादातर लोगों को इस मौसम में आंखों में खुजली, जलन और लाली जैसी समस्याएं होने लगती हैं. यदि आप भी प्रदूषण के कारण आंखों की ऐसी ही समस्याओं से परेशान हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखकर इससे राहत पाई जा सकती है. आइए जानते हैं इससे राहत पाने के लिए क्या करें..

**आंखों को पानी से धोएं**

आंखों को ठंडे पानी से धोना प्रदूषण से होने वाली आंखों की जलन और खुजली से राहत दिलाने का एक प्रभावी तरीका है. प्रदूषण के कारण आंखों में जमा हुआ धूल-मिट्टी और अन्य कण आंखों को इरिटेट करते हैं. ठंडे पानी से आंखें धोने से ये कण बाहर निकल जाते हैं और आंखों को ताजगी मिलती है. दिन में 2-3 बार आंखों को ठंडे पानी से अच्छी तरह धोना चाहिए.

**चश्मे का प्रयोग करें**

चश्मे का प्रयोग प्रदूषण से आंखों की रक्षा करने का एक अच्छा तरीका है. चश्मे के ग्लास आंखों को प्रदूषण कणों से बचाते हैं. बाहर निकलते समय चश्मा पहन लेना बेहतर होगा चश्मे के ग्लास आंखों तक पहुंचने वाले प्रदूषण कणों को रोक देते हैं. इससे आंखों को काफी हद तक बचाया जा सकता है.

**लैपटॉप और फोन से बनाएं दूरी**

मोबाइल, कंप्यूटर, लैपटॉप या टीवी जैसी स्क्रीन डिवाइसेस का इस्तेमाल करने से आंखों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है. पहले से ही प्रदूषण आंखों को प्रभावित कर रहा हो तो स्क्रीन टाइम कम करना बेहतर होता है. इसलिए, प्रदूषण वाले दिनों में मोबाइल/लैपटॉप का उपयोग कम से कम करें। टीवी देखने का समय भी कम कर दें. आंखों को आराम देने से प्रदूषण के कम होंगे.

**आंखों में आइस क्यूब का इस्तेमाल करें**

आंखों पर आइस क्यूब इस्तेमाल करने से भी जलन की समस्या में राहत मिल सकता है. कॉटन के कपड़े में आइस क्यूब को रख लें, अब इससे आंखों की सिकाई करें. ऐसा करने से आंखों की परेशानी दूर हो सकती है.

# शब्द सामर्थ्य- 229

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 228 का हल**



# सू-दोकू- 229

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.228 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# आज का राशिफल

*मेष-* आज आपका दिन बहुत अच्छा बीतेगा। आपको दोस्तों का पूरा साथ मिलेगा। आज किसी मित्र के प्रति आपका विशेष प्रेम आकर्षण हो सकता है और यह प्रेम संबंध बहुत खुबसूरती के साथ आगे बढेगा आप खुशियां मनाएंगे।

*वृषभ-* आज का दिन आपके लिए शुभ फलदाई साबित हो सकता है। आज आप कार्यक्षेत्र में अपने काम को बड़ी तत्परता के साथ जल्दी ही पूरा कर लेंगे। आपकी सराहना के साथ -साथ भविष्य में लाभ होने के संकेत हैं।

*मिथुन-* आपका दिन बेहतरीन रहेगा। इस राशि की जो महिलाएं किसी क्रिएटिव कार्य अथवा व्यापार से जुड़ी हुई है उन्हें आर्थिक दृष्टि से अच्छे लाभ की संभावना है। दाम्पत्य जीवन बहुत खुशहाल रहेगा। व्यापार करने वाले लोगों का दिन सामान्य रह सकता है।

*कर्क-* आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आपको भाग्य का साथ मिलने की संभावना है। व्यवसाय और रोजगार में बढ़ोतरी के संकेत हैं। प्राइवेट जॉब करने वाले लोगों को आज कोई प्रोजेक्ट मिलने के योग है जिसमें आपको अपनी मेहनत से बेहतर परिणाम मिलेंगे।

*सिंह-* आज के दिन आप उत्साहित महसूस करेंगे। आज आप कोई नया बिजनेस शुरू करने के लिए सोच सकते हैं, उसमें सफलता देखने को मिलेगी और आमदनी भी बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी।

*कन्या-* आज आप अपनी मेहनत को लेकर आशान्वित रहेंगे। आपके कारोबार और रोजगार में मेहनत से अच्छे परिणाम हासिल हो सकते हैं। इसी आधार पर आप अपने भविष्य की रणनीति तैयार करेंगे। व्यापार के क्षेत्र में आपकी स्थिति अच्छी होगी और ग्राहक भी बढ़ेंगे।

*तुला-* आज का दिन आपके पक्ष में रहने वाला है। करियर में अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है। कार्यक्षेत्र का माहौल अनुकूल रहेगा जिससे आपको अपने कैरियर में आगे बढने का मौका मिल सकता है।

*वृश्चिक-* आज का दिन बदलाव लेकर आ सकता है। आप काम के सिलसिले में कहीं बाहर जा सकते हैं। व्यापार में लाभ के संकेत हैं, यदि कहीं निवेश किया है तो वहां भी लाभ की संभावना है। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

*धनु-* आज आप परिवार के साथ समय बिताएंगे। आपके घर पर दूर रह रहे रिश्तेदार आ सकते हैं उनके साथ ज्यादा समय व्यतीत होगा और पुरानी कुछ खास बातें भी करेंगे। आज आपके कैरियर को लेकर अच्छी खबर मिल सकती है।

*मकर -* आज आपको अपने कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने का मौका मिल सकता है। आपके रुके कार्यों में तेजी आएगी। नौकरी में आज आपके हाथ कोई नया प्रोजेक्ट सौंपा जाएगा।

*कुंभ-* आज आपको परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। नौकरीपेशा लोगों को प्रमोशन और इंक्रीमेंट मिल सकता है। व आप अपने कार्यक्षेत्रों में अनुशासित रहकर मेहनत करेंगे जिससे बेहतर परिणाम मिलेंगे।

*मीन-* आपके लिए दिन सामान्य रहेगा। परिवार में प्रेम भावना बनी रहेगी। व्यापार की दृष्टि से आज का दिन अच्छा है आय के नये स्रोत मिलने की संभावना है। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी।